हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, बुधवार, 4 फरवरी 2026
[ खरसिया| सारंगढ़| घरघोड़ा| धरमजयगढ़| पुसौर| बरमकेला| लैलूंगा| तमनार ]



## खबर संक्षेप

### आरसीसीआई का केंद्रीय बजट पर सामूहिक मंथन

**राउरकेला।** राउरकेला चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री आरसीसीआई द्वारा रविवारए 01 फरवरी 2026 को पूर्वाह्न 11 बजे चैंबर भवन में केंद्रीय बजट 2026-27 का लाइव प्रसारण सामूहिक से देखने के बाद इसके सभी पहलुओं पर विचार विमर्श के साथ मंथन किया। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत केंद्रीय बजट का लाइव प्रसारण सभी ने चैंबर भवन में देखा, जिसके पश्चात उद्योग, व्यापार और क्षेत्रीय विकास पर इसके प्रभावों को लेकर व्यापक विचार विमर्श हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता आरसीसीआई के अध्यक्ष ने की। इस अवसर पर उपाध्यक्ष आलोक एम लोसलका, महासचिव शुभम कपूर, सचिव वित्त मनीष मोदी, सचिव प्रशासन एवं जनसंपर्क संदीप गौतम, पूर्व अध्यक्षगण सुब्रत पटनायक, महेश जे वजीर एवं केके पोद्दार उपस्थित रहे। इसके अलावा कार्यकारिणी समिति के सदस्य, विधिक सलाहकार, आमंत्रित अतिथि तथा प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधि भी कार्यक्रम में शामिल हुए। चर्चा के दौरान बजट में की गई प्रमुख घोषणाओं तथा ओडिशा एवं राउरकेला क्षेत्र पर उनके संभावित प्रभावों पर विस्तार से विचार किया गया।

### अघोर पीठ गम्हरिया आश्रम में लगा मिर्गी चिकित्सा शिविर

**जशपुरनगर।** बाबा भगवान राम ट्रस्ट, जशपुर (छत्तीसगढ़) के तत्वावधान में आगामी 8 फरवरी 2026, रविवार को जशपुर जिले के गम्हरिया स्थित "अघोर पीठ", वामदेव नगर में एक निःशुल्क मिर्गी चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर रविवार प्रातः 4 बजे से सूर्योदय से पूर्व तक संचालित किया जाएगा। शिविर में मिर्गी रोग से पीड़ित रोगियों को फकीरी एवं आयुर्वेदिक पद्धति से स्वनिर्मित औषधियों के माध्यम से उपचार प्रदान किया जाएगा। यह चिकित्सा पूर्णतः निःशुल्क होगी। उपचार की प्रक्रिया को ध्यान में रखते हुए रोगियों को 7 फरवरी 2026, शनिवार को ही स्थल पर उपस्थित होना अनिवार्य होगा। इस दौरान रोगियों के रात्रि विश्राम एवं भोजन की व्यवस्था ट्रस्ट द्वारा निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। रोगियों को अपने साथ एक सहयोगी व्यक्ति लाना आवश्यक है। साथ ही, शीत ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए गर्म वस्त्र एवं कंबल साथ लाने की सलाह दी गई है।

### योजनाओं के लाभ के लिए किसान आईडी कार्ड अनिवार्य

**जशपुरनगर।** भारत सरकार द्वारा जारी एग्रीस्टेक के अंतर्गत किसानों के लिए डिजिटल किसान आईडी कार्ड बनाना अनिवार्य किया जा रहा है। निकट भविष्य में समस्त कृषि योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए किसान आईडी आवश्यक होगी। कलेक्टर रोहित व्यास ने कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि किसान आईडी निर्माण हेतु व्यापक जागरूकता प्रसार करने के साथ ही किसानों को आवश्यक सहयोग प्रदान करें। उन्होंने जिले के किसानों से अपील की है कि वे शीघ्र अपना किसान आईडी कार्ड बनवाएं और डिजिटल कृषि को बढ़ावा देने में सहभागी बनें। डिजिटल किसान आईडी कार्ड के माध्यम से किसानों को फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, कृषि अनुदान, सेवा सहकारी समितियों में समर्थन मूल्य पर धान विक्रय तथा कृषि ऋण जैसी महत्वपूर्ण सुविधाओं का लाभ प्राप्त होगा।

### कार्यक्रम देखने गई नाबालिग के साथ दुष्कर्म

**जशपुरनगर।** जिले के बगीचा थाना क्षेत्र से मानवता को झकझोर देने वाला मामला सामने आया है। यहां एक नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया है। पीड़िता एक विशेष संरक्षित जनजातीय समुदाय से बताई जा रही है, जिसके चलते मामला और भी संवेदनशील हो गया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। प्राथमिक जानकारी के अनुसार, घटना बीती रात की है। गांव में आयोजित एक स्थानीय सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान कुछ युवक नाबालिग को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गए। आरोप है कि इसके बाद उसके साथ दुष्कर्म किया गया। घटना के बाद बच्ची किसी तरह घर पहुंची और परिजनों को आपबीती बताई।

### मानव तस्करी और गुमशुदगी के मामलों में मिली अहम सफलता

# राउरकेला पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 67 महिला व 6 बच्चों सुरक्षित किया रेस्क्यू

हरिभूमि न्यूज ⏭ राउरकेला

मानव तस्करी और लापता व्यक्तियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियानों में एक बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए राउरकेला पुलिस ने ऑपरेशन अन्वेषणके तहत 67 महिलाओं और छह बच्चों को सुरक्षित बचाया है। यह विशेष प्रवर्तन अभियान 21 जनवरी से 30 जनवरी 2026 तक चलाया गयाए जिसके दौरान पुलिस ने कई संवेदनशील मामलों का सफलतापूर्वक समाधान किया।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, बचाए गए बच्चों में पांच नाबालिग लड़कियां और एक नाबालिग लड़का शामिल हैं। ये सभी राउरकेला पुलिस क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर असुरक्षित परिस्थितियों में पाए गए थे। खुफिया सूचनाओं, दर्ज गुमशुदगी रिपोर्टों और सुनियोजित फील्ड ऑपरेशनों के आधार पर कई विशेष पुलिस टीमें गठित की गईंए जिन्होंने पीड़ितों का पता लगाकर उन्हें सुरक्षित बाहर निकाला। बचाव कार्य के बाद सभी महिलाओं और बच्चों को आवश्यक चिकित्सकीय सहायता, परामर्श और देखभाल प्रदान की गई। उचित सत्यापन और कानूनी औपचारिकताओं को पूरा करने के उपरांत उन्हें उनके संबंधित परिवारों से सुरक्षित रूप से मिलाया गया, जिससे उनके पुनर्वास और कल्याण को सुनिश्चित किया जा सके। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि ऑपरेशन अन्वेषण को विशेष रूप से मानव तस्करी पर रोक लगाने, लापता व्यक्तियों का पता लगाने और समाज के कमजोर वर्गों विशेषकर महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखकर शुरू किया गया था। इस अभियान में स्थानीय पुलिस थानों, विशेष इकाइयों और अन्य संबंधित एजेंसियों के बीच घनिष्ठ समन्वय देखने को मिला। जनता से सहयोग की अपील राउरकेला पुलिस ने भविष्य में भी ऐसे लक्षित और सघन अभियानों को जारी रखने की प्रतिबद्धता दोहराई है। साथ ही, आम नागरिकों से अपील की गई है कि किसी भी लापता व्यक्ति या संदिग्ध तस्करी से जुड़े मामले की जानकारी तुरंत नजदीकी पुलिस स्टेशन में दर्ज कराएंए ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।





## ओडिशा में माओवादी आत्मसमर्पण नीति का असर, 18 वर्षीय नक्सली ने किया सरेंडर

**राउरकेला।** ओडिशा सरकार की हाल ही में शुरू की गई माओवादी आत्मसमर्पण और पुनर्वास नीति अब सकारात्मक परिणाम देने लगी है। इसी क्रम में सोमवार को एक कट्टर माओवादी ने राउरकेला पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया।

यह 18 वर्षीय युवक पिछले दो वर्षों से माओवादी संगठन से जुड़ा हुआ था और उस पर 2.65 लाख का इनाम घोषित था। उसने पश्चिमी रेंज के डीआईजी बृजेश राय और राउरकेला के एसपी नितेश वाधवानी की उपस्थिति में आत्मसमर्पण किया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, राज्य सरकार की आकर्षक पुनर्वास योजना से प्रभावित होकर उसने समाज की मुख्यधारा में लौटने का निर्णय लिया। नई आत्मसमर्पण नीति के तहत उसे शिक्षा, आजीविका और समग्र पुनर्वास के लिए हरसंभव सहायता प्रदान की जाएगी ताकि वह अपना जीवन नए सिरे से शुरू कर सके।

## पुसौर में जिला स्तरीय रजत महोत्सव का आयोजन

**पुसौर।** साल 2000 में अस्तित्व में आए छत्तीसगढ़ उर्जा के क्षेत्र में लगातार विकास करते आ रहा है । अब इन 25 वर्षों में विद्युत उत्पादन को लेकर देश में छत्तीसगढ़ का नाम प्रमुखता से लिया जाता है। प्रदेश सरकार इन उपलब्धियों तथा जनता को उर्जा उत्पादन के क्षेत्र में जोड़ने सहित अन्य कई तथ्यों को लेकर प्रदेश, जिला एवं वितरण क्षेत्र में रजत महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है।

इसी कड़ी में बीते सोमवार को नगर पंचायत ग्राउंड पुसौर में विद्युत वितरण कंपनी छत्तीसगढ़ का जिला स्तरीय रजत महोत्सव का आयोजन हुआ। जिसके मुख्य अतिथि मानी मोहित सतपथी, विशिष्ट अतिथि हेमलता चौहान व जिला पंचायत सदस्य ब्रजेश गुप्ता तथा अन्य अतिथिः नगर उपाध्यक्ष उमेश साव, पार्षद सिक बाई, ओकेश बेहरा, पूर्व उपाध्यक्ष मोहित सतपथी, अभिनव स्कूल के संचालक अक्षय कुमार सतपथी भाजपा अध्यक्ष जैमिनी गुप्ता आदि रहे। कार्यक्रम की शुरूआत जिला विद्युत अधिकारी गुजन शर्मा, एफ ई नरेन्द्र नायक, एई लक्ष्मीकांन्त पटेल, जेई एस के दुबे व महेश्वर पटेल तथा विभाग के व्यवस्था में सर्वप्रथम छत्तीसगढ महतारी के तैलीय प्रतिमा पर पूजा अर्चना के साथ गई। मंचासीन होकर उसके स्वागत के औपचारिकता के समाप्ति पश्चात उदबोधन का दौर प्रारंभ हुआ जिसमें प्रायः सभी ने मंच को संबोधित किया। आयोजक प्रमुख गुंजन शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि सोलर पेनल लगाने से आज बिजली उत्पादक हो सकते हैं जिसमें आप अपनी उत्पादन किए हुए बिजली को उपयोग करने के साथ साथ उसे बेच भी सकते हैं।



### उपभोक्ता हुए सम्मानित



छपोरा में आयोजित रजत महोत्सव में वितरण केन्द्र प्रमुख जेई एस के दुबे के मार्गदर्शन में 25 से अधिक उपभोक्ताओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय जनपद सदस्य हेमालिनी गुप्ता, सरपंच धनेश्वर गुप्ता, भाजपा के प्रमुख पदाधिकारी मनोरंजन साहू, कठानी के पूर्व सरपंच प्रकाष गुप्ता आदि लोगों की उपस्थिति रही। प्रमुख एवं सम्मानित उपभोक्ताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## शराब के नशे में स्कूल पहुंचा बाबू बीईओ बोले होगी कार्रवाई

**पत्थलगांव।** शराब के नशे में स्कूल आने वाले बाबू के खिलाफ कार्रवाई के लिए बीईओ ने उच्चाधिकारियों को पत्र लिखा है। मामला ग्राम तिलडेगा के हाई स्कूल का है। जानकारी के अनुसार ग्राम तिलडेगा के शासकीय हाई स्कूल में पदस्थ सहायक ग्रेड 3 निकेश कुमार भगत के शराब पीकर स्कूल आकर काम करने पर प्रिंसिपल ने डॉक्टरी मुलाहिजा के लिए पत्र भेजा। पत्र के आधार पर बीईओ वेदानंद आर्य ने तिलडेगा स्कूल में पदस्थ बाबू का पुलिस के द्वारा डॉक्टरी मुलाहिजा करवाया, जिसमें निकेश कुमार भगत को शराब पिया हुआ पाया गया। जिसपर बीईओ के द्वारा जांच प्रकरण बनाकर उच्च अधिकारी को कार्रवाई के लिए पत्र प्रेषित किया गया है। अब देखना होगा कि शराब पीकर स्कूलों में आकर स्कूल के वातावरण को खराब करने वाले के खिलाफ उच्च अधिकारियों द्वारा क्या कार्रवाई की जाती है। इस संबंध में बीईओ वेदानंद आर्य ने बताया कि स्कूलों में जिम्मेदारी पूर्वक काम करना होगा। शराब पीकर आना, बिना छुट्टी लिए स्कूल से गोल रहने पर बड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## ओपी जिंदल विश्वविद्यालय में राज्य स्तरीय इंडिया स्किल्स स्पर्धा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ तमनार

ओपी जिंदल विश्वविद्यालय में राज्य स्तरीय इंडिया स्किल्स 2025 प्रतियोगिता का आयोजन चालू हो गया है। विश्वविद्यालय राज्य स्तरीय इंडिया स्किल्स 2025 प्रतियोगिता के लिए सहयोगी भागीदार एवं आयोजनकर्ता के रूप में 3 और 4 फरवरी को इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता का आयोजन करेगा।

इंडिया स्किल्स भारत सरकार की एक प्रमुख राष्ट्रीय स्तर की कौशल प्रतियोगिता है, जिसका उद्देश्य युवाओं में तकनीकी दक्षता को बढ़ावा देना, व्यावसायिक कौशल को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप विकसित करना तथा प्रतिभाशाली युवाओं को वर्ल्ड स्किल्स और अन्य वैश्विक प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करना है। यह प्रतियोगिता देशभर में विभिन्न चरणों जिला, राज्य, क्षेत्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित की जाती है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आरडी पाटीदार ने कहा कि रायगढ़ स्थित ओपी जिंदल विश्वविद्यालय एक महत्वपूर्ण उपलब्धि का साक्षी बनने जा रहा है। राज्य स्तरीय इंडिया स्किल्स 2025 प्रतियोगिता की मेजबानी हमारे लिए गर्व का विषय है। यह मंच युवाओं को अपने कौशल प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करता है और उद्योगोन्मुख, कौशल आधारित शिक्षा के प्रति विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करता है।

ऐसे आयोजन राज्य के युवाओं को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करने में सहायक सिद्ध होंगे। उन्होंने आगे कहा कि यह पहल नवीन जिंदल चेयरमैन जिंदल स्टील एंड पावर तथा विश्वविद्यालय की चांसलर श्रीमती शालू जिंदल के मार्गदर्शन और विज़न से प्रेरित है। नवीन जिंदल लंबे समय से स्किल्ड इंडिया और आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में निरंतर प्रयासरत हैं। उनका विज़न एक ऐसे कुशल, आत्मनिर्भर और वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार भारत का निर्माण करना है, जहाँ युवा केवल डिग्रीधारी ही नहीं, बल्कि उद्योग उन्मुख और भविष्य तैयार कौशल से सशक्त हों। उनके मार्गदर्शन में शिक्षा, उद्योग और कौशल विकास के समन्वय से युवाओं को रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण प्रदान करने पर निरंतर बल दिया जा रहा है। ओपी जिंदल विश्वविद्यालय द्वारा इंडिया स्किल्स 2025 जैसे आयोजनों की मेजबानी इसी विज़न को साकार करने की दिशा में एक सार्थक कदम है।

### इन स्किल में होगी स्पधाएं

इस दौरान कुल पाँच प्रमुख स्किल डोमेन में स्पर्धाएं आयोजित की जाएंगी। इसमें वेल्डिंग टेक्नोलॉजी, वेब टेक्नोलॉजीज, साइबर सिक्योरिटी, क्लाउड कंप्यूटिंग एवं सॉफ्टवेयर एप्लिकेशन डेवलपमेंट शामिल हैं। इनमें प्रदेश भर से 75 प्रतिभागी हिस्सा लेंगे, जो अगले क्षेत्रीय स्तर के लिए अपनी योग्यता सिद्ध करेंगे। इससे पूर्व, ओपी जिंदल विश्वविद्यालय ने जिला स्तरीय इंडिया स्किल्स प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया था, जिसमें 19 स्किल डोमेन में 604 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

## क्षेत्रीय आईटीआई फेस्ट 2025 और एथलेटिक्स मीट का आयोजन



राउरकेला। सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आईटीआई, राउरकेला परिसर में मंगलवार को क्षेत्रीय स्तरीय आईटीआई फेस्ट 2025 और क्षेत्रीय एथलेटिक्स मीट का औपचारिक उद्घाटन किया गया। इसके साथ ही कौशल विकास, तकनीकी नवाचार और व्यावसायिक उत्कृष्टता के बहु दिवसीय उत्सव की शुरुआत हुई। यह आयोजन 6 फरवरी तक चलेगा। इस अवसर पर रघुनाथपाली विधायक दुर्गा चरण तांती मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

उन्होंने युवाओं के लिए रोजगार सृजन में तकनीकी शिक्षा और कौशल आधारित प्रशिक्षण के बढ़ते महत्व पर जोर दिया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि आईटीआई आधुनिक उद्योगों की मांगों के अनुरूप कुशल कार्यबल तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और क्षेत्रीय व राष्ट्रीय विकास में भी उनका बड़ा योगदान है। इस कार्यक्रम में विभिन्न आईटीआई से प्रशिक्षुए प्रशिक्षक और अधिकारी शामिल हुए। फेस्ट के दौरान कई प्रकार की तकनीकी प्रतियोगिताएं, कौशल प्रदर्शनए प्रदर्शनी और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें विभिन्न ट्रेड के प्रशिक्षुओं की व्यावहारिक दक्षता और रचनात्मकता प्रदर्शित होगी।

## संभाग स्तरीय कार्यक्रम में की गई पावर कंपनी के उत्कृष्ट कार्यों की सराहना



पत्थलगांव। छत्तीसगढ़ राज्य एवं पावर कंपनी के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में छत्तीसगढ़ राज्य पावर कंपनी द्वारा पूरे प्रदेश में छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को संभाग स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन अग्रसेन भवन में किया गया।
इस कार्यक्रम में भाजपा जिला महामंत्री मनीष अग्रवाल, पूर्व जिला उपाध्यक्ष सुनील अग्रवाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष अंकित बंसल, नगर पालिका अध्यक्ष संगीता सिंह, नपा उपाध्यक्ष अजय बंसल, महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष भुनेश्वरी बेहरा, भाजपा मंडल कोषाध्यक्ष सुरेश साहू, पार्षद ममता यादव, पार्षद विमला बेक, पार्षद कविता नारंगे, सलमी निकुंज, शीला गुप्ता सहित विद्युत विभाग के एस.पी. मरकाम(एक्जीक्यूटिव इंजीनियर), अमृत बेक(जे.ई.), मनीष खत्री (असिस्टेंट इंजीनियर), दीपक प्रधान (असिस्टेंट इंजीनियर) एवं विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत पुष्पहार से किया गया तथा छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन व राजगीत के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इस अवसर पर 5 पीएम सूर्यघर योजना, 5 बीपीएल उपभोक्ताओं, नियमित बिल भुगतान करने वाले 5 हितग्राहियों एवं 5 कृषकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## जतरा 2026 की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन ने दी जानकारी



**सुंदरगढ़।** आगामी 8 से 12 फरवरी तक स्थानीय सरकारी महाविद्यालय के समीप जतरा मैदान में जिला महोत्सव जतरा 2026 का आयोजन किया जाएगा। इस संदर्भ में आज जिला प्रशासन द्वारा स्थानीय सद्भावना भवन में एक प्रेस वार्ता आयोजित की गई।

इस अवसर पर जिलाधिकारी डॉ. शुभंकर महापात्र ने जतरा के आयोजन से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि महोत्सव के दौरान पूरे शहर में सुंदर विद्युत सज्जा की जाएगी। इसके साथ ही एक विशेष मीना बाजार का आयोजन होगा तथा सुभद्रा शक्ति मेला भी लगाया जाएगा। इस मेले में सुंदरगढ़ जिले एवं अन्य क्षेत्रों की स्वयं सहायता समूहों तथा उत्पादकों द्वारा निर्मित विभिन्न वस्तुएँ उपलब्ध होंगी। साथ ही विभिन्न प्रकार के खाद्य स्टॉल भी लगाए जाएंगे, जहाँ स्वादिष्ट व्यंजन मिलेंगे। जिलाधिकारी डॉ. महापात्र ने पाँच दिवसीय इस जिला महोत्सव के दौरान होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम विवरण पहला दिन आदिवासी नृत्य, संबलपुरी, ओड़िसी तथा असम का बिहू नृत्य प्रस्तुत किया जाएगा। तारका रात्रि में प्रसिद्ध गायक रुकु सुनाए अंतरा चक्रवर्ती और बर्णाली होता प्रस्तुति देंगे। दूसरा दिन आदिवासी नृत्य, ढुरुआ नृत्य, संबलपुरी, स्थानीय सार्थक स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा राजस्थान की टीम द्वारा घूमर और कालबेलिया नृत्य प्रस्तुत किए जाएंगे। तारका रात्रि में गायक एमडी दानिश की प्रस्तुति होगी।

### देवभूमि द्वारिका में छत्तीसगढ़ प्रतिनिधियों का प्रशिक्षण

# गुजरात मॉडल से पंचायतों को मिली नई दिशा, सुशासन के प्रभावी मॉडल पर मंथन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

ग्राम स्वराज एमएम की अवधारणा को मजबूत करने और पंचायतों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में छत्तीसगढ़ के जनप्रतिनिधियों के लिए गुजरात में आयोजित पांच दिवसीय प्रशिक्षण-सह- अध्ययन भ्रमण का समापन देवभूमि द्वारिका जिला पंचायत में हुआ।

अंतिम दिन जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एबी पोनदोर (आईएएस) की उपस्थिति में पंचायत विकास की आधुनिक कार्यप्रणालियों, योजनागत नवाचारों और सुशासन के प्रभावी मॉडल पर गहन मंथन किया गया। समापन सत्र में पंचायत विकास सूचकांक पर आधारित 9 थीम के अंतर्गत जिला पंचायत विकास योजना निर्माण की प्रक्रिया पर विशेष चर्चा की गई। बैठक में यह स्पष्ट किया गया कि किस प्रकार लाइन विभागों की सक्रिय भूमिका, जनप्रतिनिधियों की सहभागिता, सामान्य सभा में अनुमोदन की सुव्यवस्थित प्रक्रिया, जिला स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति और विभागीय योजनाओं की प्रस्तुति से विकास योजनाओं को ज़मीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू किया जा सकता है।अधिकारियों ने योजनाओं के अभिसरण, पारदर्शी मॉनिटरिंग और जवाबदेही तंत्र पर भी विस्तार से प्रकाश डाला, ताकि पंचायतें तय समय-सीमा में अपने विकास लक्ष्यों को प्राप्त कर सकें। छत्तीसगढ़ से आए जनप्रतिनिधियों ने गुजरात के प्रशासनिक और पंचायत मॉडल को व्यवहारिक, पारदर्शी और अनुकरणीय बताया।




### मुख्य कार्यपालन अधिकारी की अध्यक्षता में बैठक सार्थक संवाद

जनपद और जिला पंचायत स्तर पर गहन चर्चा प्रशिक्षण-सह-अध्ययन भ्रमण के दौरान जनपद पंचायत स्तर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में ग्राम एवं जनपद पंचायत विकास योजना निर्माण की प्रक्रिया, लाइन विभागों के आपसी समन्वय और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर व्यवहारिक समाधान पर सार्थक संवाद हुआ।

### जनप्रतिनिधियों की भूमिका पर चर्चा

अंतिम दिन जिला पंचायत देवभूमि द्वारिका में आधारित 9 थीम पर जिला पंचायत विकास योजना निर्माण, जनप्रतिनिधियों की भूमिका, सामान्य सभा में अनुमोदन की कार्यवाही तथा विभागीय योजनाओं की प्रस्तुति का गहन अध्ययन कराया गया।समापन अवसर पर छत्तीसगढ़ से आए सभी प्रतिनिधियों को गुजरात सरकार की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही अनुभवों और व्यवहारिक सीख के साथ पांच दिवसीय प्रशिक्षण-सह-अध्ययन भ्रमण का विधिवत समापन हुआ।

### अनुकरणीय रहा प्रतिनिधियों का प्रशिक्षण

प्रशिक्षण में जशपुर जिले से गए परमेश्वर भगत, अध्यक्ष, जनपद पंचायत मनोरा ने कहा कि "गुजरात में पंचायतों द्वारा राजस्व संग्रह, योजनाओं के अभिसरण और पारदर्शी मॉनिटरिंग की जो कार्यप्रणाली देखने को मिली है, वह वास्तव में अनुकरणीय है। यहां से मिली सीख को मनोरा जनपद पंचायत सहित जशपुर जिले की पंचायतों में लागू कर विकास योजनाओं को और अधिक प्रभावी बनाया जाएगा। इससे गांवों में बुनियादी सुविधाओं के साथ आत्मनिर्भरता को भी मजबूती मिलेगी।

दो साल बाद तमनार थाना फिर शामिल हुआ धरमजयगढ़ अनुविभाग में





## खबर संक्षेप



### ट्रकों की लंबी कतार से बढ़ी परेशानी

**रायगढ़।** पूर्वांचल के जुर्डा कोढ़ी पारा से ब्रिज से लंबी लाइन ट्रकों की लगा रहता है। रोड के दोनों तरफ खड़ी रहती है, जिसपर आवागमन करने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसी वजह से रोड में दुर्घटना होता रहता है अभी कुछ दिन पहले यहां पर एक मोटर साइकिल सवार दो व्यक्ति का कार के साथ एक्सीटेंड हुआ था जिसमें एक व्यक्ति बुरी तरह से घायल हुआ था, वहीं दूसरे व्यक्ति को जान गवाना पड़ा इस प्रकार इस रोड में कुछ न कुछ घटना होता रहता है अभी कल की बात लोइंग मंडी के पास 2 फरवरी को एक बाइक चालक जिसका नाम सलिल है। एक ट्रक ने ठोकर मार दी गनीमत थी कि बाइक चालक की जान बच गई उसके साथ बड़ा हादसा होने से बच गया अब तो इस क्षेत्र में गाड़ी चलाने के लिए भी डर लगने लगा है अपनी हथेली में जान लेकर चलना पड़ रहा है।

### धरना, जुलूस, रैली के लिए परमिशन जरुरी

**रायगढ़।** जिले में सार्वजनिक व्यवस्था, कानून व्यवस्था तथा शांति बनाए रखने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी मयंक चतुर्वेदी द्वारा महत्वपूर्ण आदेश जारी किया गया है। आदेश के अनुसार जिले में सर्व विविध, निजी, सार्वजनिक, धार्मिक, राजनीतिक एवं अन्य संगठनों अथवा संस्थाओं द्वारा आयोजित किए जाने वाले सभी प्रकार के सार्वजनिक आयोजनों के लिए जिला प्रशासन की पूर्व अनुमति प्राप्त करना अनिवार्य किया गया है। कलेक्टर द्वारा जारी आदेश में छत्तीसगढ़ शासन, गृह पुलिस विभाग, मंत्रालय महानदी भवनए नवा रायपुर अटल नगर के पत्र का संदर्भ देते हुए उल्लेख किया गया है कि कतिपय संस्थाओं एवं संगठनों द्वारा बिना पूर्व अनुमति अथवा अनुमति प्राप्त करने के पश्चात आयोजन के स्वरूप में परिवर्तन कर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। यह स्थिति न केवल वांछनीय नहीं है, बल्कि इससे आम नागरिकों के दैनिक आवागमनए बाजार व्यवस्था एवं व्यावसायिक गतिविधियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है तथा कानून.व्यवस्था बिगड़ने की संभावना भी बनी रहती है।

### आंगनबाड़ी सहायिका पद के लिए दावा-आपत्ति

**रायगढ़।** एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ शहरी जिला रायगढ़ अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र बांजीनपाली, शांतिनगर, वार्ड क्रमांक 32 में आंगनबाड़ी सहायिका पद की पूर्ति के लिए प्रावधिक अंतिम मूल्यांकन पत्रक जारी कर दिया गया है। यदि किसी आवेदिका को कोई आपत्ति हो तो वे 4 से 13 फरवरी अपना दावा.आपत्ति आवेदन सीधे परियोजना कार्यालय में अथवा डाक के माध्यम से जमा कर सकती हैं।

### फाइलेरिया बीमारी के प्रति हों जागरुक

**सारंगढ़।** कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने जिले के नागरिकों से फाइलेरिया बीमारी से जागरुक रहने के लिए अपील किया है। उन्होंने कहा कि फाइलेरिया एक गंभीर बीमारी है जो मच्छरों के काटने से फैलती है और हमारे जिले के स्वास्थ्य के लिए एक बड़ा खतरा है, लेकिन अच्छी खबर यह है कि फाइलेरिया को रोकने के लिए दवाएं उपलब्ध हैं और हम इसे उन्मूलन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारे जिले में राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत सामूहिक दवा सेवन अभियान 10 फरवरी से 25 फरवरी तक चलाया जा रहा है, जिसमें सभी नागरिकों दो वर्ष से कम उम्र के बच्चे, गर्भवती महिला एवं गंभीर रूप से बीमार व्यक्ति को छोड़कर को फाइलेरिया से बचाव की दवा खिलाई जाएगी।

### जूटमिल स्कूल को बनाया गया था मूल्यांकन सेंटर

# चार साल बाद नटवर स्कूल को फिर मिली बोर्ड के मूल्यांकन की जिम्मेदारी, आज होगी ट्रेनिंग

**अब फिर नटवर की बढ़ेगी रौनकता, 4 दशक से हो रही है मूल्यांकन**



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

चार साल बाद एक फिर नटवर स्कूल को बोर्ड का मूल्यांकन सेंटर बना दिया गया है। कोरोना कॉल के बाद यहां से हटा कर जूटमिल स्कूल को मूल्यांकन सेंटर बनाया गया था। इस साल वहां के प्राचार्य ने लिखकर दे दिया है यहां नहीं है समुचित व्यवस्था। याने वहां कॉपी जांच करने में काफी दिक्कत होती थी।

पूर्व में किसी कारण से वहां वेल्यूशन सेंटर बना दिया गया था। ऐसे में अब नटवर स्कूल की एक बार फिर रौनकता बढ़ेगी। खास बात यह है कि बीते 4 दशक से नटवर स्कूल में बोर्ड की कॉपियों का मूल्यांकन हो रहा था। बीते 2022 में समन्वय सेंटर के साथ बोर्ड के मूल्यांकन केंद्र को नटवर स्कूल से हटा दिया गया था। यह फैसला तत्कालीन डीईओ ने अपने मनमर्जी से लिया था।

इसके कारण काफी विवाद भी हुआ था, लेकिन कई तरह की अनियमितताओं का हवाला देकर नटवर स्कूल को इससे जूदा कर दिया गया था। नटवर स्कूल शहर का सबसे बड़ा और संपूर्ण संसाधनों से लैस है। नटवर की बिल्डिंग जितनी बड़ी है उतनी बड़ी बिल्डिंग जिले की एक भी स्कूल नहीं है। यहां 40 सालों से अधिक समय से बोर्ड के कॉपियों का जहां मूल्यांकन हो रहा था। वहीं सालों से समन्वय सेंटर भी है। यहां भीड़ बढ़ी तो बाद में पुत्री शाला को वेल्यूशन सेंटर बनाया गया, लेकिन समन्वय सेंटर नटवर ही था।

बीते 2022 में कुछ कारण से वेल्यूशन सेंटर और समन्वय सेंटर दोनों को हटा दिया गया था। हालांकि अब फिर से वेल्यूशन सेंटर बना दिया गया है। आज इसके लिए सेंटर प्रभारियों की ट्रेनिंग रायपुर में है।

**नाम बदलने का हवाला**

नटवर स्कूल को स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल बनाया गया था। बताया गया कि नाम बदलने के कारण समन्वय और बोर्ड का मूल्यांकन सेंटर हटा दिया गया था। तत्कालीन डीईओ ने कुछ इसी तरह की दलील देकर सेंटर हटाया था। चक्रधर नगर स्कूल को समन्वय सेंटर बनाया गया है जहां पार्किंग के लिए जगह तक नहीं है। बोर्ड के कॉपियों का जब वितरण होता है तो बसें या अन्य वाहन सड़क किनारे खड़ी करनी पड़ती है। ऐसे में समन्वय सेंटर भी बदलने की जानकारी मिल रही है।

**बोर्ड के मापदंड में खरा उतरता है नटवर**

बोर्ड के कॉपियों की जांच के लिए बोर्ड की ओर से कुछ मापदंड तय किया जाता है। उस मापदंड में नटवर स्कूल खरा उतरता है। यहां सारी सुविधाएं हैं। दर्जनों कमरे, बड़े- बड़े हॉल, पीने की पानी, कूलर-पंखे समेत सारी सुविधाएं यहां मौजूद है। यहां कापी जांचने वाले वेल्यूअरों को किसी तरह की कोई दिक्कत नहीं होती है। कमरों की संख्या ज्यादा होने की वजह से समय पर कॉपियों की जांच हो जाती है।

### सिविल सेवा में चयनित मधु को मिली प्रोत्साहन राशि

**रायगढ़।** जिले की मेधावी दिव्यांग कु. मधु साहू को सिविल सेवा में चयनित होने पर 50 हजार रुपए की एकमुश्त प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई है। यह राशि दिव्यांग व्यक्ति समान अवसर, अधिकारों का संरक्षण एवं पूर्ण भागीदारी अधिनियम 1995 के तहत दी गई है। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में जिले में योजना का बेहतर संचालन समाज कल्याण विभाग, रायगढ़ द्वारा प्रभावी रूप से किया जा रहा हैए जिसके माध्यम से दिव्यांग युवाओं को सिविल सेवाओं के लिए प्रोत्साहन एवं आर्थिक संबल प्रदान किया जा रहा है।



### स्टॉल आरक्षण के लिए आवेदन

**जांजगीर-चांपा।** जाज्वल्यदेव लोक महोत्सव एवं एग्रीटेक कृषि मेला 2026 का आयोजन जिला मुख्यालय जांजगीर में 11, 12 एवं 13 फरवरी 2आयोजन किया जाना है।

## प्राइमरी स्कूल के प्रधान पाठकों की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



प्राथमिक शालाओं के 37 संकुलों को 6 जोन में विभाजित कर सभी प्रधान पाठकों की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य बच्चों की पढ़ने-लिखने और गणितीय दक्षता को बढ़ाने के लिए गतिविधि आधारित रणनीतियों पर चर्चा करना रहा। इस दौरान कार्यशाला के माध्यम से विद्यालयों की शैक्षणिक प्रगति का आकलन भी किया गया। बैठक में कक्षा 3 से 5 तक के विद्यार्थियों की पठन क्षमता का विश्लेषण किया गयाए जिसमें यह देखा गया कि कितने बच्चे अटक.अटक कर पढ़ते हैं, कितने पढ़ नहीं पाते और कितने धाराप्रवाह हिंदी पठन में सक्षम हैं। इसी तरह गणित में जोड़, घटाव, गुणा और भाग की समझ रखने वाले बच्चों के आंकड़े भी प्रस्तुत किए गए। इन आंकड़ों के आधार पर बच्चों के लिए नियमित पठन समय सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। बैठक में यह सुझाव दिया गया कि विद्यालयों में रीडिंग कॉर्नर को सक्रिय किया जाएए जहां बच्चे कहानी पढ़ें, अपनी भाषा में सुनाएं और पढ़ी गई कहानी को अपने शब्दों में लिखें। साथ ही साझा पठन और समूह पठन जैसी गतिविधियों को नियमित रूप से अपनाने पर बल दिया गया।

**केवल 14 किसानों के धान को ही पोर्टल में कराई एंट्री, 38 किसान हो गए वंचित**

## कोड़ासिया प्रबंधक ने तौल के बाद किसानों के धान की नहीं की एंट्री, अब लेना पड़ रहा परमिशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



जिले में इस बार धान खरीदी के दौरान अजब-गजब खेल चल रहा था। कहीं टोकन नहीं काटा जा रहा था तो कहीं कटे टोकन में धान नहीं खरीदी रहे थे। इसके लिए किसानों ने सड़क पर उतर कर आंदोलन तक किया, इसके बाद भी हालातों में सुधार नहीं आया। इसी कड़ी में सबसे विवादित लैलूंगा के कोड़ासिया खरीदी केंद्र में एक अजीब मामला सामने आया। यहां किसानों के धान का तौल कराने के बाद पोर्टल में एंट्री ही नहीं की गई। इस तरह के हालात निर्मित होने के बाद नाराज किसानों ने एसडीएम से शिकायत की। इसके बाद मामले की जानकारी कलेक्टर को दी गई। अब दोबारा पोर्टल खोलने के लिए शासन का चिठ्ठी लिखी गई है। यदि पोर्टल खुल गया तो धान की एंट्री हो जाएगी, नही तो तौलाए धान किसानों को घर वापस ले जाना पड़ेगा।

प्रभावित किसानों ने बताया कि 29 जनवरी को कोड़ासिया धान मंडी में 50 किसानों का टोकन काटा गया था, जिसमें 2 किसान पहुंचे ही नहीं। 48 किसानों ने अपना धान मंडी में तौल करवा कर रखा था, लेकिन प्रबंधक त्रिलोचन बेहरा ने केवल 14 किसानों के ही धान की एंट्री खरीदी पोर्टल कराया। बाकी किसानों से प्रबंधक त्रिलोचन बेहरा ने कहा कि रात 12 बजे तक पोर्टल खुला रहेगा और 34 किसानों के भी धान बिक्री पोर्टल में चढ़ा दिया जाएगा। धान करीब 7788 बोरी था, लेकिन, प्रबंधक त्रिलोचन बेहरा ने ऐसा नहीं किया और रात करीब 9 बजे के बाद 34 किसानों के धान खरीदी एंट्री नहीं हुई। इससे आहत किसानों ने एसडीएम से इसकी शिकायत की। बाद में शासन का पत्र लिखा गया है। पोर्टल खुलने के बाद एंट्री होने की उम्मीद है।

**प्रबंधक ने दिया धोखा**

प्रबंधक त्रिलोचन बेहरा ने इस घटना कि जानकारी अपने उच्चाधिकारियों को नहीं दिया। जब दूसरे दिन किसानों ने समिति में सम्पर्क किया तो प्रबंधक वहां से गायब हो गया था। मौक़े पर नायब तहसीलदार और फूड इंस्पेक्टर ही मौजूद थे। दोनों अधिकारियों के संज्ञान में आया तो इसकी जानकारी एसडीएम को को दिया। एसडीएम कलेक्टर को पत्र लिखा। किसानों ने कोड़ासिया प्रबंधक त्रिलोचन बेहरा के खिलाफ कार्रवाई की मांग भी किया है।

**प्रबंधक ने सड़ा धान किया बिक्री**

दिलचस्प बात यह है कि कोड़ासिया प्रबंधक त्रिलोचन बेहरा खरीदी केंद्र केशला 100 का रजिस्टर्ड किसान है। यहां वह करीब 200 क्विंटल धान बिक्री के लिए लेकर गया था। तौल होने के बाद पता चला कि धान सड़ा हुआ है। इसके बाद धान की एंट्री तो हो गई थी, लेकिन त्रिलोचन बेहरा का भुगतान रोक दिया गया है। खास बात यह कि पूरे जिले में केवल त्रिलोचन बेहरा का ही भुगतान रुका है, बाकी किसानों का भुगतान हो चुका है।

## उखड़ी सड़क में ढेरों खामियां, कलेक्टर ने कहा-जांच के बाद होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



एक सप्ताह पहले निर्माण किए गए सड़क उखड़ने के मामले में कलेक्टर ने भी मंगलवार को मौके पर पहुंच कर मुआयना किया। इस दौरान घटिया निर्माण उजागर हुआ। इससे नाराज कलेक्टर ने जांच कराने की बात कही है। नगर निगम के वार्ड क्रमांक 42 सोनूमुड़ा में बीटी सड़क निर्माण में अनियमितताओं की लगातार मिल रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी मयंक चतुर्वेदी ने आज मौके पर पहुंचकर औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य में गंभीर तकनीकी खामियां और गुणवत्ता से समझौता सामने आया, जिसके बाद तत्काल सघन जांच कराई गई। निरीक्षण में यह स्पष्ट हुआ कि राज्य शासन द्वारा 1 करोड़ 14 लाख की लागत से बन रही बीटी सड़क के निर्माण में ठेकेदार संजय केडिया की फर्म द्वारा घटिया सामग्री का उपयोग किया गया है। इसका प्रत्यक्ष प्रमाण यह रहा कि नई बनी सड़क की ऊपरी परत कई स्थानों पर उखड़ने लगीए जिससे निर्माण गुणवत्ता पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा हो गया। कलेक्टर ने मौके पर ही पीडब्ल्यूडी एवं नगर पालिका अधिकारियों की उपस्थिति में तकनीकी जांच कराई जिसमें निर्माण में गंभीर कमियां प्रमाणित हुईं।

**निगम के ईई को कलेक्टर ने लगाई फटकार**

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने ठेकेदार एवं नगर निगम के कार्यपालन अभियंता को जमकर फटकार लगाई। उन्होंने कहा क तीन दिवस के भीतर सड़क की समस्त खामियों को दूर कर गुणवत्ता के अनुरूप दुरुस्त किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि तय समय. में सुधार नहीं होने की स्थिति में संबंधित फर्म को ब्लैकलिस्ट करने की कार्रवाई की जाएगी, साथ ही दोषी इंजीनियरों एवं जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने यह भी निर्देशित किया कि सड़क निर्माण की मानक गुणवत्ता जांच अनिवार्य रूप से लोक निर्माण विभाग पीडब्ल्यूडी से कराई जाए।

### लंबे समय से फरार चल रहे 3 स्थाई वारंटी को पुलिस ने पकड़ा

**देवरी-सारागांव।** थाना सारागांव क्षेत्र के लंबे समय से फरार चल रहे 3 स्थाई वारंटी को सारागांव पुलिस ने पकड़ा है। एसपी विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में जिले में फरार वारंटियों की धरपकड़ हेतु सारागांव पुलिस द्वारा अभियान चलाया गया। अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता प्राप्त हुई है, जिसमें 03 स्थाई वारंट के आरोपी को गिरफ्तार किया गया। स्थाई वारंटियों में महेंद्र कुमार कश्यप निवासी कमरीद, देवीप्रसाद बरेट निवासी चोरिया एवं नरेंद्र सूर्यवंशी निवासी मोहगांव को पकड़ा गया है। कार्रवाई में निरीक्षक राकेश कुमार सूर्यवशी थाना प्रभारी सारागांव, प्रधान आरक्षक अर्जुन जांगड़े आरक्षक शंकर जय किशन, रामायण कंवर की भूमिका रही।




## दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



छाल थाना क्षेत्र में महिला से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। पीड़िता द्वारा 2 फरवरी को थाना छाल में घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। महिला ने बताया कि वह स्वास्थ्यगत कारणों से जनवरी 2025 से मायके में रह रही है। अप्रैल माह में कच्चे मकान की मरम्मत के लिए छाल के चन्द्रभान यादव के माध्यम से मिट्टी गिरवाई थी तभी से आरोपी का घर आना.जाना शुरू हो गया।

पीड़िता के अनुसार 6 अप्रैल रविवार को आरोपी उसके काम से छुट्टी के दिन शाम को उसके घर आया और बातचीत में उलझाकर कोल्ड ड्रिंक पिलाया, जिसे पीने के कुछ समय बाद उसे नींद आने लगी। घर में अकेला पाकर आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया और अश्लील फोटो व वीडियो बना लिया। इसके बाद आरोपी वायरल करने की धमकी देकर लगातार शारीरिक शोषण करता रहा। महिला के आवेदन पर थाना प्रभारी छाल द्वारा तत्काल धारा 6,2, एम बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया। महिला उप निरीक्षक दीपिका निर्मलकर एवं महिला थाना टीम द्वारा पीड़िता के कथन दर्ज कर मेडिकल परीक्षण कराया गया। इसके पश्चात पुलिस टीम ने दबिश देकर आरोपी चन्द्रभान यादव पिता दुर्ग विजय यादव निवासी ग्राम शाहपुर पोस्ट अजीजाबाद थाना जहानागंज जिला आजमगढ़ उत्तर प्रदेश, हाल मुकाम साइडिंग नदी किनारे हाटी पेट्रोल पंप के पास थाना छाल क्षेत्र को गिरफ्तार किया। आरोपी की मेडिकल जांच एवं गिरफ्तारी की औपचारिकताएं पूर्ण कर उसे न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

**ऑपरेशन मुस्कान से पुलिस को मिली सफलता**

# 30 दिन में 59 हो गए गुम, इसमें 16 नाबालिग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



एक महीने में 59 लोगों के गुम होने का एक बड़ा मामला सामने आया है। खास बात यह है कि इसमें 16 तो नाबालिग हैं। हालांकि पुलिस ऑपरेशन मुस्कान के तहत 56 को ढूंढ निकाला है, लेकिन 30 दिनों में इतने लोगों के गुम होने को लेकर कई तरह के सवाल भी खड़े होने लगा है।

जिले भर में गुम इंसानों की पतासाजी अभियान को तेज कर दिया गया है। जिसका असर अब ज़मीनी स्तर पर साफ दिखाई देने लगा है। गुम नाबालिगों की खोज के लिए चलाया जा रहा ऑपरेशन मुस्कान रायगढ़ पुलिस द्वारा लगातार जारी है।

उल्लेखनीय है कि जनवरी माह में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से कुल 59 गुम इंसान दर्ज किए गए थे पुलिस की सतत जांच और प्रयासों से माह जनवरी में 56 को ढूंढ निकालकर परिजनों से मिलाया जा चुका है। नाबालिगों की बात करें तो जनवरी में 16 नाबालिग गुम दर्ज हुए 14 गुम इंसान को पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सकुशल बरामद किया है।

जांच के दौरान जिन मामलों में नाबालिगों को बहला.फुसलाकर भगाने की पुष्टि हुई, वहां आरोपियों के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत सख्त कार्रवाई की गई। बीते दो दिनों में चक्रधरनगर, धरमजयगढ़, पुसौर और कोतरारोड़ पुलिस ने गुम नाबालिगों को उनके परिजनों से मिलाया है। इनमें सबसे उल्लेखनीय मामला कोतरारोड़ का रहाए जहां करीब 8 साल से लापता बालक को पुलिस टीम ने सतारा महाराष्ट्र से दस्तयाब कर परिजनों को सौंपा, जिससे परिवार में फिर से खुशियां लौट आईं।

## दो पुलिसकर्मियों के परिजनों को पुलिस सैलरी पैकेज से मिला 10-10 लाख का बीमा चेक

**रायगढ़।** ड्यूटी के दौरान आकस्मिक निधन होने पर जिले में पदस्थ स्वर्गीय प्रधान आरक्षक दिलीप ठाकुर की पत्नी श्रीमती सरस्वती सिंह ठाकुर एवं जीआरपी थाने में पदस्थ स्व राम सिंह लकड़ा की पत्नी श्रीमती किरण लकड़ा को पुलिस सैलरी पैकेज के अंतर्गत 10-10 लाख की बीमा राशि का चेक प्रदान किया गया। यह सहायता राशि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह एवं एसबीआई शाखा पुसौर के प्रबंधक द्वारा सौंपते हुए शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की गई। प्राप्त धनराशि का सदुपयोग करने और और किसी भी प्रकार के प्रलोभन से बचनें की सलाह दी गई है। विशेष रूप से आगाह किया कि बड़ी राशि मिलने पर कई बार लोग रुपए दोगुना करने का लालच देकर फर्जी निवेश योजनाओं में फंसा देते हैं, जिससे परिवार आर्थिक धोखाधड़ी का शिकार हो जाते हैं। बैंक प्रबंधन ने भी बताया कि ऐसे समय में फेक कॉल और झूठे निवेश प्रस्ताव आम हो जाते हैं, अतः सतर्कता बेहद जरूरी है।



## खबर संक्षेप

### डालमिया सीमेंट संयंत्र में हादसा, श्रमिक की मौत

**राजगांगपुर।** डालमिया सीमेंट भारत लिमिटेड के राजगांगपुर स्थित संयंत्र में मंगलवार 3 फरवरी 2026 को एक दर्दनाक औद्योगिक दुर्घटना में एक श्रमिक की मौत हो गई। हादसे से संयंत्र क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल है। मृतक की पहचान भीखापाड़ा, कुटुनिया निवासी चंद्रों मींज के रूप में हुई है, जो डालमिया सीमेंट संयंत्र में कार्यरत था। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मंगलवार को ट्रेन सेटिंग आगे पीछे करने के दौरान वह गंभीर रूप से दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसा इतना भीषण था कि मौके पर ही उसकी हालत नाजुक हो गई। दुर्घटना के तुरंत बाद सहकर्मियों द्वारा चंद्रों मींज को आनन.फानन में पहले स्थानीय स्तर पर उपचार के लिए ले जाया गयाए इसके बाद उसे राऊरकेला स्थानांतरित किया गया। वहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

### ठेकेदार की मनमानी पर भड़के विधायक

**राउरकेला।** इस्पात नगरी क्षेत्र के सेक्टर.6 हॉकी स्टेडियम के समीप स्थित एक खाली भूखंड में आरएसपी द्वारा निर्माणाधीन परियोजना में लगे एक ठेकेदार की लापरवाही और मनमानी उस समय सामने आईए जब वह अपने निजी स्वार्थ के लिए अपशिष्ट जल निकासी की व्यवस्था से छेड़छाड़ कर रहा था। प्राप्त जानकारी के अनुसार ठेकेदार द्वारा परिसर के भीतर अपशिष्ट जल निकासी के लिए बनी नाली की दीवार को तोड़कर गंदे पानी को सेक्टर 6 की आवासीय बस्ती की ओर जाने वाली सार्वजनिक सड़क पर छोड़ा जा रहा था। उसी दौरान वहां से गुजर रहे रघुनाथपाली विधायक श्री दुर्गा चरण तंती की नजर इस पर पड़ गई। स्थिति को देखते ही विधायक ने मौके पर रुककर गहरी नाराजगी जाहिर की। विधायक श्री तंती ने घटनास्थल पर मौजूद ठेका कंपनी के प्रतिनिधि से सार्वजनिक सड़क पर नाली का गंदा पानी छोड़ने का कारण पूछा और कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने तत्काल सड़क पर बह रहे गंदे पानी की निकासी बंद करवाई तथा भविष्य में इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति न हो इसके लिए सख्त निर्देश दिए।

### निर्धारित अवधि के बाद भी अधूरा पड़ा निर्माण

**राउरकेला।** शहर के प्रमुख आवासीय क्षेत्र बसंती कॉलोनी में चल रहा से अधिक पैकेज मैनहोल निर्माण कार्य अपनी निर्धारित समय.सीमा समाप्त होने के आठ महीने बाद भी अधूरा है। इस परियोजना को राउरकेला महानगर निगम द्वारा स्वीकृति दी गई थी और इसका कार्यकाल 4 महीने निर्धारित थाए जो अब काफी पहले समाप्त हो चुका है। इसके बावजूद न तो निर्माण पूरा किया गया है और न ही संबंधित ठेकेदार पर कोई ठोस कार्रवाई की गई है।
स्थानीय नागरिकों का कहना है कि निर्माण कार्य के चलते सड़कें महीनों से खुदी हुई हैं, जिससे रोजाना स्कूली छात्रों, बुजुर्गों और अस्पताल जाने वाले मरीजों को भारी परेशानी हो रही है। जगह जगह खुले मैनहोल और गड्ढों के कारण दुर्घटनाओं की आशंका बनी हुई है। बरसात के दौरान स्थिति और भी गंभीर हो जाती है जब इन गड्ढों में पानी भर जाने से राहगीरों को रास्ता तक नजर नहीं आता। सूत्रों के अनुसार यह ठेका शहर से बाहर की एक निर्माण कंपनी को दिया गया हैए जिसे निगम के कुछ प्रभावशाली अधिकारियों का संरक्षण प्राप्त है। नियमानुसार यदि कोई ठेकेदार निर्धारित समय में कार्य पूरा नहीं करता तो उस पर भारी जुर्माना लगाया जाता है।

## निधन...

### भीष्म देवांगन, जंबो बाई



**चंद्रपुर।** चंद्रपुर में स्थित देवांगन मोहल्ला में प्रतिष्ठित शिक्षक तिलेश देवांगन के भैया भीष्म देवांगन और माता जंबो बाई का 02 फरवरी रात्रि 10 बजे के आसपास साथ मे निधन हो गया। यह बहुत ही दुःखद और हृदयविदारक घटना है। माता एवं पुत्र का एक साथ निधन पूरे परिवार और समाज के लिए अपूरणीय क्षति है।

दो साल पहले प्रशासनिक कारणों से जोड़ा गया था रायगढ़ में

# तमनार थाना दो साल बाद फिर धरमजयगढ़ अनुविभाग में, पुलिसिंग में आएगी कसावट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

■ धरमजयगढ़ अनुविभाग में जुड़ते ही तमनार थाने पहुंचे एसडीओपी

दो साल बाद तमनार थाने को एक बार फिर से रायगढ़ अनुविभाग से हटाकर धरमजयगढ़ में ही जोड़ दिया गया है। पूर्व में किसी कारण से तमनार थाने को रायगढ़ अनुविभाग में शामिल किया गया था। अब फिर से धरमजयगढ़ में शामिल किया गया है। जिले में पुलिसिया कामकाज को सुचारू बनाने के लिए किए गए हालिया प्रशासनिक फेरबदल के बाद अब जमीनी स्तर पर सख्ती दिखने लगी है।

इस बदलाव के तत्काल बाद एसडीओपी सिद्धार्थ तिवारी ने मंगलवार को तमनार थाने का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। जानकारी के अनुसार तमनार थाना पूर्व में भी धरमजयगढ़ अनुविभाग का हिस्सा था, लेकिन बीते 2 सालों से इसे प्रशासनिक कारणों से रायगढ़ अनुविभाग के साथ जोड़ दिया गया था। अब दोबारा पुराने सेटअप में वापसी के साथ ही पुलिसिंग की कड़ियां जोड़ने की कवायद शुरू हो गई है। निरीक्षण के दौरान एसडीओपी ने थाने के रिकॉर्ड्स, पेंडिंग मामलों और सुरक्षा इंतज़ामों का बारीकी से जायजा लिया। एसडीओपी सिद्धार्थ तिवारी ने आधुनिक पुलिसिंग पर जोर देते हुए कहा कि केवल फिजिकल गश्त काफी नहीं है। उन्होंने पुलिस स्टाफ को वरिष्ठ कार्यालय द्वारा जारी तकनीकी टूल्स जैसे त्रिनयन एप, सशक्त एप और आई रेड पर प्राथमिकता से काम करने के निर्देश दिए। इन एप्स के माध्यम से अपराधियों के डेटाबेस और सड़क दुर्घटनाओं के विश्लेषण में मदद मिलेगी।



तमनार थाने के निरीक्षण में पहुंचे एसडीओपी सिद्धार्थ तिवारी।

### औद्योगिक क्षेत्र में चुनौतियां अलग

तमनार के औद्योगिक क्षेत्र होने के कारण यहाँ की चुनौतियां अलग हैं। इसे ध्यान में रखते हुए एसडीओपी ने सख्त हिदायत दी है कि ट्रैफिक जाम भारी वाहनों के कारण आम जनता को परेशानी न हो। इसके लिए ट्रैफिक प्लान दुरुस्त किया जाए साथ ही क्षेत्र में नशा, जुआ, सट्टा और चोरी जैसी अवैध गतिविधियों को जड़ से खत्म करने के लिए मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया जाए। किसी भी स्थिति में शांति भंग न हो इसके लिए पूरे स्टाफ को एक्टिव मोड में रहने को कहा गया है। निरीक्षण के दौरान मुख्य रूप से थाना प्रभारी कमला पुसाम ठाकुर सहित समस्त पुलिस बल मौजूद रहा। एसडीओपी ने लंबित शिकायतों का त्वरित निपटारा कर आम जनता को न्याय दिलाने की बात कही।

पूर्व में तमनार थाना धरमजयगढ़ अनुविभाग में ही था। कुछ कारणों से रायगढ़ अनुविभाग में शामिल किया गया था। अब पूर्व की भांति तमनार थाना धरमजयगढ़ क्षेत्र में ही शामिल हो गया है। यहां कुछ बल की कमी है जिसे पूरा करने की कोशिश की जा रही है।
**सिद्धार्थ तिवारी, एसडीओपी धरमजयगढ़**

# धान खरीदी में गड़बड़ी बिचौलियों ने किया घालमेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ छाल



कूड़ेकेला सहकारी समिति क्षेत्र में धान खरीदी का समाप्त हो गया, लेकिन इस दौरान किसानों से अधिक बिचौलियों और दलालों को लाभ मिलता दिखा। फसल उत्पादन कम होने के बावजूद नया पुराना व ग्रीष्मकालीन धान खुले बाजार से एकत्र कर समितियों व मंडियों में खपाया गया, जिससे शासन प्रशासन की रोकथाम व्यवस्था विफल साबित हुई। शासन ने प्रति एकड़ 21 क्विंटल खरीदी की घोषणा की थी, परंतु पटवारियों की अनावरी रिपोर्ट के आधार पर खरीदी होती रही।

कम उत्पादन के बावजूद मंडियों में अंतिम समय तक धान की आवक बनी रहीए क्योंकि कई किसानों ने बाहर से धान खरीदकर अपने रकबे की पूर्ति की। कुडेकला समिति में सहायक प्रबंधक पर नियमों को दरकिनार कर धान खरीदी के आरोप लगे। एक ओर छाल सहायक प्रबंधक ठंडा राम बहेरा को निलंबित किया गया, वहीं अन्य मामलों में कार्रवाई न होने से प्रशासन की निष्पक्षता पर सवाल खड़े हुए। बेहरामार निवासी किसान वीरेंद्र राठिया से अमानक धान के नाम पर कथित रूप से 50 हजार रुपए की मांग का आरोप लगा। तहसीलदार के पहुंचने के बाद भी 404 कट्टा में से केवल 90 कट्टा खरीदा गया, 235 कट्टा जब्त कर लिए गए, जबकि शेष 79 कट्टा का कोई स्पष्ट विवरण सामने नहीं आया। इसी तरह गजईपाली की महिला कृषक समिति से भी अवैध मांग के आरोप लगे। पहले अमानक बताकर 300 कट्टा धान लेने से इनकार किया गया, लेकिन शिकायत के बाद वही धान खरीदा गयाए जिससे पूरे प्रकरण पर संदेह गहराया। 12 जनवरी को मंडी में मिलर मंडी गठजोड़ का वीडियो सामने आयाए लेकिन जांच के नाम पर केवल औपचारिकता निभाकर मामला दबा दिया गया। समिति में लंबे समय से जमे अधिकारियों, रिश्तेदारी व गांव के दबदबे के कारण कोई खुलकर शिकायत करने को तैयार नहीं है।

# 4 साल बाद हुई मां चंद्रहासिनी अंतरराज्यीय कबड्डी प्रतियोगिता



### विजेता पुरुष एवं महिला टीमों को आकर्षक पुरस्कार

प्रथम पुरस्कार 51 हजार श्री गोपाल महाप्रभु एवं मां चंद्रहासिनी देवी मंदिर सार्वजनिक न्यास चंद्रपुर, द्वितीय पुरस्कार 31 हजार स्व. गोपाल अग्रवाल की स्मृति में आयुष अनुज अग्रवाल द्वारा, तृतीय पुरस्कार 21 हजार रु स्व. संजय कुमार अग्रवाल की स्मृति में मनोज ट्रेडर्स चंद्रपुर द्वारा एवं चतुर्थ पुरस्कार 11 हजार अनिल अग्रवाल पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत चंद्रपुर सुनील ऑटो पार्ट्स चंद्रपुर के द्वारा।

**चंद्रपुर।** सक्ति जिले के अंतिम छोर में स्थित धार्मिक नगरी चंद्रपुर में विराट रूप में मां चंद्रहासिनी राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का 2 फरवरी को शुभारंभ हुआ। जिसमें देशभर के कई राज्यों से महिला एवं पुरुष खिलाड़ियों की टीम का हो रहा ओपन चैलेंज वाली दंगल कबड्डी। श्री विराट रूप में मां चंद्रहासिनी कबड्डी समिति चंद्रपुर के तत्वाधान में स्व. गोपाल अग्रवाल की स्मृति में समस्त नगर वासियों के सहयोग से पुरुष एवं महिला अंतर्राज्यीय स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में कमल किशोर पटेल जिला पंचायत उपाध्यक्ष जिला सक्ति द्वारा किया गया।

जिसमें प्रमुख रूप से मां चंद्रहासिनी ट्रस्ट के अध्यक्ष गोविंद अग्रवाल एवं चंद्रपुर नगर पंचायत के अध्यक्ष और देवांगन और समस्त पार्षदगण, विशिष्ट अतिथि के रूप में अदानी पावर प्रोजेक्ट के धनंजय सिंह एवं प्रदेश कांग्रेस सचिव आकाश मिश्रा तथा समस्त भाजपा एवं कांग्रेस कार्यकर्ता गण तथा चंद्रपुर कबड्डी प्रतियोगिता के आयोजन समिति के समस्त सदस्य गण उपस्थित रहे। चंद्रपुर नगर के आसपास लगे सभी गांवों से आ रहे दर्शकों की भीड़ एवं दर्शकों के मन में उत्साह उमंग देखने को मिल रही। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों के लिए भोजन एवं आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था की गई हैए जिससे खिलाड़ियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

### सारंगढ़ के आकाश को मिला हावड़ा पुलिस कमिश्नर की जिम्मेदारी



**सारंगढ़।** सारंगढ बिलाईगढ जिले व सारंगढ नगर के माटी पुत्र आकाश मगरिया जिनका जन्म सारंगढ़ नगर के बड़े मठपारा निवासी मोहन दत्त मगरिया आयुर्वेद चिकित्सक के यहां हुआ। अपनी शुरुआती शिक्षा सारंगढ़ के सरस्वती शिशु मंदिर में हुई वबचपन से ही मेधावी छात्र रहे आकाश मगरिया ने अपनी मेहनत व दृढ इच्छा शक्ति बलबूते से एक मुकाम हासिल किया और आकाश का चयन बतौर आईपीएस पश्चिम बंगाल में हुआ। जहां एएसपी के पद पर सिलिगुड़ी में नियुक्ति के पश्चात पश्चिम बंगाल के कई जिले में पुलिस अधीक्षक का कार्यकाल पूरा किया। जिसमें कोलकाता के साथ ही कई बड़े जिले में बतौर पुलिस अधीक्षक रहे। इसके बाद बतौर डीआईजी पश्चिम बंगाल का दायित्व मिला, जिसमें आकाश मगरिया ने डीआईजी रहते कुशलतापूर्वक कार्य करने के साथ ही लोगों के बीच अपनी एक अलग पहचान बनाई। परिणामस्वरूप आकाश मगरिया को हावड़ा का पुलिस कमिश्नर बनाया गया। जहां 02 फरवरी को बतौर पुलिस कमिश्नर संभाला पदभार व साथ ही पश्चिम बंगाल सारंगढ़ बिलाईगढ जिले व सारंगढ़ नगर के गौरव आई पी एस आकाश मगरिया को हावड़ा का सीटी कमिश्नर बनाया गया है। जिससे पूरे जिले के साथ ही सारंगढ नगर में सारंगढ़ नगर के गौरव माटी पुत्र आकाश मगरिया को सारंगढ़ के वरिष्ठ नागरिक व्यवसायी कुमार बानी नंदकिशोर केजरीवाल कृष्ण कुमार केसरवानी अध्यक्ष केसरवानी समाज सारंगढ़ ने बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

# रासेयो के विशेष शिविर में स्वयंसेवकों ने दिया नशा मुक्त समाज का संदेश



**घरघोड़ा।** शहीद नंद कुमार पटेल विश्वविद्यालय रायगढ़ से संबद्ध शासकीय महाविद्यालय घरघोड़ा जिला रायगढ़ छग की राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस इकाई द्वारा नशा मुक्त समाज के लिए युवा विषय पर सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन 26 जनवरी से 1 फरवरी तक ग्राम बैहामुड़ा, तहसील घरघोड़ा में किया गया, जो विभिन्न सामाजिक, शैक्षणिक एवं जनजागरूकता गतिविधियों के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

यह शिविर विश्वविद्यालय की एनएसएस समन्वयक श्रीमती रविंद्र कौर चौबे के निर्देशानुसार एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पवन कुमार अग्रवाल के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। शिविर का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी प्रो. विविषण सिदार द्वारा किया गया। शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में नशा मुक्ति के प्रति जागरूकता, सामाजिक उत्तरदायित्व, सेवा भावना एवं व्यक्तित्व विकास को बढ़ावा देना रहा। शिविर का उद्घाटन 26 जनवरी को ग्राम पंचायत भवन, बैहामुड़ा में आयोजित समारोह में किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. पवन कुमार अग्रवाल, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. चंद्रशेखर सिंह, डॉ. वाईके चंद्रा, प्रो. संतोष कुमार देवांगन, प्रो. नीलकमल निराला, प्रो. अजय कुमार, सुश्री भोजकुमारी पटेल सहित महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। ग्राम पंचायत की ओर से सरपंच श्रीमती राधिका राठिय उप.सरपंच खाड़राम राठिया, पंचगण एवं ग्रामवासी भी कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती, स्वामी विवेकानंद एवं महात्मा गांधी के छायाचित्र पर माल्यार्पण के साथ हुई। स्वयंसेवकों द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ एवं बैच लगाकर किया गया। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. चंद्रशेखर सिंह ने स्वागत उद्बोधन में एनएसएस के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। सरपंच श्रीमती राधिका राठिया ने युवाओं से नशा मुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। फीता काटकर शिविर का औपचारिक उद्घाटन किया गया एवं राष्ट्रीय सेवा योजना ध्वज को फहराकर संपन्न हुआ।

# संघ शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में युवा संगम का आयोजन

**कोसीर।** बीते 1 फरवरी को सारंगढ़ स्थित पं. लोचन प्रसाद शासकीय महाविद्यालय में संघ शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में युवाओं के मन में देश भक्ति की भावना जागृति को लेकर युवा संगम का आयोजन किया गया था। जिसमें 5 सौ से अधिक युवाओं ने हिस्सा लिया।

उक्त आयोजन में गांव गांव से युवक युवतियों ने हिस्सा लिया। युवा संगम में युवाओं ने अपनी जिज्ञासा भी सभी के बीच रखी जिसका जवाब समिति सदस्यों व संघ पदाधिकारियों के द्वारा प्रदान किया गया और उनकी जिज्ञासा को समाप्त किया गया। युवा संगम कार्यक्रम की तैयारी बीते कई दिनों से लगातार चल रही थी। प्रातः 8 बजे से प्रारंभ हुए पंजीयन में लगभग 500 से अधिक युवाओं ने अपना पंजीयन कराया। युवक युवतियों के अलग अलग दल बना दिये दिए और उनके मन में उठ रहे जिज्ञासाओं को जाना गया। तदोपरांत आयोजन समिति के सदस्यों ने युवाओं के साथ भोजन भी किया। उसके बाद वीडियो प्रस्तुति के माध्यम से देश व महापुरूषों के बारे में युवाओं को जानकारी प्रदान की गई। विडियो प्रस्तुती के बाद आनंद सभा का आयोजन भी किया गया था जिसमें राष्ट्र भक्ति के गीतों में युवा जमकर झुमे और आनंद लिये। आनंद सभा के बाद गांव गांव से आए हुए युवाओं की जिज्ञासा का समाधान किया। तदोपरांत कार्यक्रम का समापन किया गया।



# कार्मिक प्रबंधक बरौद ओमकार को दी गई विदाई



**रायगढ़।** उपक्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालय बरौद में 31 जनवरी को सेवा मुक्त हो चुके कार्मिक प्रबंध ओमकार सिंह के विदाई समारोह में उपस्थित उपक्षेत्रीय प्रबन्धक बरौद एवं बिजारी अवधेश कुमार झा खान प्रबंधक बरौद विनय कुमार नायक, खान प्रबंधक बिजारी एन मलेश, आलोक सिंह एवम आनंद बाबू सीविल इंजीनियर, एस के सूर्यवंशी सचिव ठडै, रमेश केवट सचिव सीटू, सुरेश कुमार गुप्ता सचिव इंटक, सूंदर लाल गुप्ता सचिव इंटक एवं बरौद उप क्षेत्र के सभी अधिकारी एवम कर्मचारी की उपस्थिति में बिदाई समारोह को भब्यता के साथ मनाया गया। रायगढ क्षेत्र में इनका कार्य काल जनवरी 2017 से 31 जनवरी 2026 तक का रहा। इनके कार्य काल मे बरौद कालोनी को एक नई रूप रेखा मिली जो पहले कभी नही हो पाई थी। इन्होंने संस्थान में कार्यरत्त सभी कर्मचारियों के सुविधाओं को हमेशा प्राथमिकता दिए।

# वर्तमान जरुरतों के साथ भविष्य की आश्यकताएं पूरी करेगी बजटः अमर

**रायगढ़।** केंद्रीय बजट को लेकर मंगलवार को पूर्व वित्त मंत्री और बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल ने मीडिया को संबोधित किया और बजट की खुबिंया बताई। उन्होंने कहा कि खोखले बयानबाजी और वादों के बजाय बजट में सुधार को प्राथमिकता दी गई।



बजट में बड़ी-बड़ी बातें करने की बजाय बजाय जमीन पर ठोस बदलाव या व्यावहारिक सुधार लाने पर ध्यान केंद्रित किया गया है जिससे वर्तमान पीढ़ी की आवश्यता पूरी होने के साथ साथ भविष्य की जरूरतों को पूरा करने में आसानी हो। बजट की विशेष उपलब्धियां पूर्व वित्त मंत्री अमर अग्रवाल ने नीजि होटल में आयोजित प्रेस वार्ता में मीडिया के जरिए आम जनता से कही। अमर अग्रवाल ने कहा यह बजट विकसित भारत की बुनियाद को मजबूत करेगा। भविष्य की नीतियों को बनाने के लिए मौजूदा व्यवस्थाओं में सुधार लाने आवश्यक बदलाव, संशोधन या संरचनात्मक सुधार पर ध्यान केंद्रित किया गया है।इस बजट से एक बात स्पष्ट हो गई है कि सरकार नीतिगत सुधारों को अधिक महत्व दे रही है। अमर अग्रवाल ने केंद्रीय बजट 2026–27 को युवा शक्ति, सुधार और राष्ट्र निर्माण का बजट बताया। इस बजट में सरकार ने देश की संभावनाओं को प्रदर्शन में बदलने हेतु तय तीन पवित्र कर्तव्यों में उत्पादकता और ग्लोबल कॉम्पिटिटिवनेस बढ़ाकर आर्थिक विकास को तेज़ और टिकाऊ बनाने, जनता की आकांक्षाओं को पूरा कर, उन्हें समृद्धि का मजबूत भागीदार बनाने, सबका साथ, सबका विकास के विज़न को साकार करने का निर्णय लिया ताकि हर क्षेत्र और समुदाय को अवसर मिलें।

### सड़क, रेल जैसे सेक्टरों में आर्थिक तंगी नहीं

इस बजट में 12.2 लाख करोड़ कैपेक्स, प्रावधान से सड़क, रेल, एयरपोर्ट, ऊर्जा आदि सेक्टर यूपीए जैसी आर्थिक तंगी से नहीं गुजरेंगे। मैन्युफैक्चरिंग और स्ट्रैटेजिक सेक्टर्स में 5 साल में 10 हजार करोड़ का प्रावधान से भारत ग्लोबल बायोफार्मा हब बनाने की दिशा में कदम बढ़ाएगा, युवाओं के लिए हाई-क्वालिटी आरओडी और मैन्युफैक्चरिंग जॉब्स के अवसर बनेंगे। सेमीकंडक्टर मिशन 2.0: आईएसएम 1.0 से स्केल-अप, इक्विपमेंट, मटेरियल्स, फुल-स्टैक आईपी, स्किल सेंटर्स, नेक्स्ट जेन मैन्युफैक्चरिंग और हाई-वैल्यू इंजीनियरिंग करियर सुरक्षित होंगे।

# चांदन में विद्युत विभाग का रजत जयंती महोत्सव



**बिलाईगढ़।** छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड की स्थापना के रजत जयंती अवसर पर कसडोल विकासखंड अंतर्गत ग्राम चांदन में 2 फरवरी को विद्युत विभाग द्वारा रजत जयंती समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शासन द्वारा संचालित विद्युत संबंधी जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आम उपभोक्ताओं तक प्रभावी रूप से पहुंचाना रहा।

समारोह में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, महिला.पुरुष उपभोक्ताओं तथा जनप्रतिनिधियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य सुश्री दामिनी कुंजाम एवं विशिष्ट अतिथि जनपद पंचायत सदस्य श्रीमती अनिता सकूल पोर्ते रहीं। अतिथियों का स्वागत विद्युत विभाग की ओर से पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया। अपने उद्बोधन में अतिथियों ने नागरिकों से सौर ऊर्जा के अधिकाधिक उपयोग, बिजली की बचत तथा विद्युत व्यय में कमी लाने की अपील की। साथ ही शासन की विभिन्न योजनाओं का अधिकतम लाभ लेने एवं विद्युत विभाग के अधिकारी कर्मचारियों को सहयोग प्रदान करने का आग्रह किया।




